**सं. 12015/03/2025 - रा.भा.(तक.)**

**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**राजभाषा विभाग (का.2)**

***

**एनडीसीसी-2 भवन, बी-विंग, चौथा तल**
**जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001**
**दिनांक: 26 दिसम्बर, 2025**

## कार्यालय ज्ञापन

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। इन्हीं उत्तरदायित्वों की एक कड़ी के रूप में विभाग द्वारा पूर्व, पूर्वोत्तर, उत्तर-1 एवं उत्तर-2 क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन इंटरनेशनल इंडोर एग्जिबिशन सेंटर, हपानिया, **अगरतला, त्रिपुरा** में दिनांक 20 फरवरी, 2026 को किया जा रहा है।

2. उपरोक्त सम्मेलन में **मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी** उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में उपरोक्त क्षेत्रों के वर्ष 2024-25 के क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। चूँकि यह सम्मेलन त्रिपुरा में कई वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा है अतः इसे अधिक व्यापक और भव्य बनाने के लिए देश भर से केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों एवं नराकासों आदि के अधिकारीगण भाग ले सकते हैं।

3. अतः केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/नराकास (अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव) आदि से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं।

4. इस सम्मेलन में प्रतिभागियों के टी.ए./डी.ए. का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

5. उक्त सम्मेलन में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

6. सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु अपना पंजीकरण (निःशुल्क) राजभाषा विभाग की वेबसाइट rajbhasha.gov.in के लिंक https://164.100.54.224/dolregenn पर करना आवश्यक है।

राधा 26.12.25

**(राधा कत्याल नारंग)**
निदेशक(तकनीकी)

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/स्वायत्त संस्थान/संवैधानिक निकाय आदि।